नाम ...

153

**348(CH)**

**2023**

**जीव विज्ञान**

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]  [ पूर्णांक : 70

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

*Note :* First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

**निर्देश :** i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

ii) आवश्यकतानुसार अपने उत्तरों की पुष्टि नामांकित रेखाचित्रों द्वारा कीजिए ।

iii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं ।

*Instructions :*

i) *All* questions are compulsory.

ii) Illustrate your answers with labelled diagrams wherever necessary.

iii) Marks allotted to each question are mentioned against it.

**( बहुविकल्पीय प्रश्न )**

**( Multiple Choice Type Questions )**

1. सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

क) बीजाण्ड का वह स्थान जहाँ बीजाण्ड वृन्त जुड़ा होता है, कहलाता है

i) माइक्रोपाइल  ii) निभाग (कैलाजा)

iii) नाभिका (हाइलम)  iv) अण्ड कोशिका । 1

ख) टी०बी० के टीके का नाम है

i) बीसीजी  ii) डीपीटी

iii) ओपीवी  iv) कोवैक्सीन । 1

ग) भारत में रामदेव मिश्रा को किस विषय या अध्ययन के जनक के रूप में जाना जाता है ?

i) पारिस्थितिकी ii) आनुवंशिकी

iii) जैव प्रौद्योगिकी iv) मानव विकास ।

घ) जेनेटिक इंजीनियरिंग का उपयोग किसमें होता है ?

i) चिकित्सा में ii) कृषि में

iii) पारजीवी जीव में iv) इनमें से सभी में ।

1. Choose the correct option and write in your answer-book :

a) The point where the funicle is attached to the body of the ovule is called 2.

i) Micropyle ii) Chalaza

iii) Hilum iv) Egg cell. 1

b) Name of vaccine for T.B. is

i) BCG ii) DPT

iii) OPV iv) Covaxin. 1

c) In India, Ramdev Mishra is known as the father of which subject or studies ?

i) Ecology ii) Genetics

iii) Biotechnology iv) Human development. 1

d) Genetic engineering is used in

i) Medical treatment ii) Agriculture

iii) —

( निश्चित उत्तरीय प्रश्न )

( Definite Answer Type Questions )

2. क) प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया के दौरान कौन-सी गैस मुक्त होती है ? 1

ख) डीएनए अणु को कौन-सा एन्जाइम तोड़ता है ? 1

ग) मनुष्य में लिंग-निर्धारण हेतु किस प्रकार के गुणसूत्र उत्तरदायी होते हैं ? 1

घ) लीडिग कोशिकाओं के क्या कार्य हैं ? 1

ङ) जैवविविधता तप्त स्थल क्या है ? 1

2. a) Which gas is released during the process of photosynthesis ? 1

b) Which enzyme breaks the DNA molecule ? 1

c) In human which type of chromosomes are responsible for sex determination ? 1

d) What are the functions of Leydig cells ? 1

e) What is biodiversity hotspot ? 1

( लघु उत्तरीय प्रश्न - I )

( Short Answer Type Questions - I )

क) वाट्सन तथा क्रिक द्वारा प्रतिपादित डीएनए के द्विकुण्डलित मॉडल का केवल नामांकित चित्र बनाइये । 2

ख) किसी एक यौन संचारित रोग का नाम लिखें एवं उसके रोकथाम के उपाय वर्णन करें । 2

ग) टर्नर एवं क्लाइनफेल्टर सिण्ड्रोमों में गुणसूत्रों की संख्या कितनी होती है ? 2

घ) पौधों में दोहरा निषेचन क्या होता है ? इसकी खोज किसने किया ? 2

ङ) मेण्डल के पृथक्करण के नियम को समझाइए । 2

3. a) Draw only a labelled diagram of DNA double helix model as proposed by Watson and Crick. 2

b) Write the name of any one sexually transmitted disease and describe its control measures. 2

c) How many chromosomes are found in Turner and Klinefelter syndromes ? 2

d) What is the double fertilization in plants ? Who discovered it ? 2

e) Explain the Mendel's Law of segregation. 2

## ( लघु उत्तरीय प्रश्न - II )

## ( Short Answer Type Questions - II )

4. क) जैव उर्वरक कैसे मृदा की उर्वरता को बढ़ाते हैं ? 3

ख) मरुस्थलीय पौधों और जन्तुओं के अनुकूलन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । 3

ग) एस्केरिसता क्या है ? इसके बचाव व उपचार का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए । 1 + 2

घ) अनिषेक जनन को परिभाषित कीजिए । मधुमक्खियों में लिंग निर्धारण की क्रियाविधि का वर्णन कीजिए । 1 + 2

4. a) How do biofertilizers increase the fertility of the soil ? 3

b) Write short note on adaptations of desert plants and animals. 3

c) What is ascariasis ? Mention its prevention and treatment in short. 1 + 2

d) Define parthenogenesis. Describe the mechanism of sex-determination in honeybees. 1 + 2

5. क) आनुवंशिक इंजीनियरिंग क्या है ? स्वास्थ्य के क्षेत्र में आनुवंशिक इंजीनियरिंग के दो अनुप्रयोगों को लिखिए । 1 + 2

ख) डीएनए और आरएनए में कोई तीन अन्तर लिखिए । 3

ग) मानव इंसुलिन पर एक टिप्पणी लिखिए । 3

घ) मलेरिया परजीवी के जीवन चक्र का केवल स्वच्छ एवं नामांकित चित्र बनाइये । 3

5. a) What is genetic engineering ? Write down two applications of genetic engineering in the field of health. 1 + 2

b) Write any three differences between DNA and RNA. 3

c) Comment upon human insulin. 3

d) Draw only a clean & labelled diagram of the life-cycle of malaria parasite. 3

6. क) मेन्डल के योगदान पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । 3

ख) निम्नलिखित के बीच अन्तर लिखिए : 1½ + 1½

(i) समष्टि और समुदाय

(ii) शीत निष्क्रियता और ग्रीष्म निष्क्रियता ।

ग) पॉलिमरेज श्रृंखला अभिक्रिया (पीसीआर) को संक्षेप में समझाइये । 3

घ) निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 1½ + 1½

(i) बहुभ्रूणता

(ii) फल का निर्माण ।

6. a) Comment briefly upon the contribution of Mendel. 3

b) Distinguish between the following : 1½ + 1½

(i) Population and Community

(ii) Hibernation and Aestivation.

c) Explain briefly the Polymerase Chain Reaction (PCR). 3

d) Write short notes on the following : 1½ + 1½

(i) Polyembroyony

(ii) Formation of fruit.

**( विस्तृत उत्तरीय प्रश्न )**

**( Long Answer Type Questions )**

7. मनुष्य के नर जनन तन्त्र का सचित्र वर्णन कीजिए । 5

**अथवा**

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 2½ + 2½

(i) प्लैसेन्टा निर्माण

(ii) रेड डाटा बुक ।

7. Describe the human male reproductive system with suitable diagram. 5

*OR*

Write short notes on the following : 2½ + 2½

(i) Placenta formation

(ii) Red Data Book.

जैव विविधता क्या है ? इसके संरक्षण पर एक टिप्पणी लिखिए । 2 + 3

अथवा

आनुवंशिक कूट पर एक निबन्ध लिखिए । 5

What is biodiversity ? Add a note on its conservation. 2 + 3

*OR*

Write an essay on genetic code. 5

मानव कल्याण में सूक्ष्मजीवों की भूमिका पर एक निबन्ध लिखिए । 5

अथवा

जैव प्रौद्योगिकी क्या है ? इसके विभिन्न उपयोगों का वर्णन कीजिए । 2 + 3

Write an essay on the role of microorganisms in human welfare. 5

*OR*

What is Biotechnology ? Describe its various applications. 2 + 3